53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.5° c अधिकतम 27.9 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:42, सूर्यास्त - 7:07 | वर्ष : 53/अंक : 216 बुधवार, 06 अगस्त 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

मौन रहना एक सलाह है और सोच-समझकर बोलना एक कला है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल के खिलाफ न्यायालय की टिप्पणी सब के लिए सबक : किरन रिजिजू



संसद से क्या है उनको..और सड़क से क्या.. सुनते ही नहीं हैं जो.. उनको सबक से क्या.....

# धराली में फटा बादल, मलबे से कई घर तबाह, 4 की मौत, 50 लापता

**उत्तरकाशी, 5 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है। गंगोत्री धाम और मुखवा के पास स्थित धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से एक नाला उफान पर आ गया। नाले का पानी बहुत तेजी से पहाड़ी से निचले इलाकों की तरफ बहकर आया, जिससे कई घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं। उत्तरकाशी के डीएम प्रशांत आर्य ने बताया कि हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो गई है और संपत्ति को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। बादल फटने के बाद इलाके में 50 लोग लापता बताए जा रहे हैं। यह घटना बेहद गंभीर है और इसने स्थानीय लोगों को चिंता में डाल दिया है। नाले के पानी के साथ मलबा भी आया है, जिसमें कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। इलाके में अब भी बारिश जारी है और ऐसे में फिर से बादल फटने की आशंका जताई जा रही है। बादल फटने के बाद नाले में पानी के उफान से पूरे इलाके में दहशत फैल गई, अब इलाके में राहत और बचाव का काम चल रहा है। जिला आपदा प्रबंधन ने हादसे की पुष्टि की है और कहा कि हालात पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, 'धराली क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है।





### सैलाब में सेना के 9 जवान लापता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में बादल फटने की विनाशकारी घटना के बाद हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। निचले हर्षिल क्षेत्र में स्थित एक शिविर से 9 भारतीय सेना के जवान अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। वहीं, 2 जवानों को बचाया गया है। इस त्रासदी के बावजूद, भारतीय सेना के अन्य जवान राहत और बचाव कार्यों में पूरी निष्ठा से जुटे हुए हैं। बादल फटने के बाद लोगों की मदद के लिए सेना के जवान करीब 10 मिनट के भीतर ही पहुंच गए थे।

## हरिद्वार में गंगा खतरे के निशान से ऊपर, आस-पास के गांवों को दी गई चेतावनी

**हरिद्वार, 5 अगस्त (एजेंसी)।** पहाड़ों में हो रही बारिश से गंगा का जलस्तर उफान है। हरिद्वार में भी लगातार बारिश से गंगा नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। इसी दौरान बारिश के बीच देर रात करीब 1 बजे हर की पौड़ी-भीमगोडा मार्ग पर अचानक पहाड़ी का बड़ा हिस्सा दरक गया, जिससे भारी मलबा सड़क पर आ गिरा। घटना स्थल हर की पौड़ी से चंद कदम की दूरी पर है, जहां रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। हादसे से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता सील किया, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस सुरक्षा उपाय नहीं नजर नहीं आए हैं। यह मार्ग वीआईपी मूवमेंट का मुख्य रूट भी है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पहले भी इसी स्थान पर भूस्खलन हो चुका, लेकिन लापरवाही बरती गई।





### ऋषिकेश-हरिद्वार रेलवे ट्रेक हुआ बाधित

**हरिद्वार।** मंगलवार तड़के चार बजे हरकी पैड़ी और भीमगोडा के बीच मुख्य मार्ग पर अचानक पहाड़ी से मलबा गिरने से रेलवे ट्रेक बाधित हो गया है। इसके अलावा सड़क मार्ग भी बाधित है। सुबह जैसे ही घटना की सूचना नगर निगम अधिकारियों को मिली, तत्काल मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन मौके पर भेजी गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सुबह सात बजे मार्ग को फिर से यातायात के लिए खोला गया। लगातार हो रही बारिश के कारण मलबा गिरने की आशंका बनी हुई है।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

**नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने दोपहर 1:20 बजे अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। 11 मई को हालत, ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सत्यपाल 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही आज ही के दिन 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया था। सत्यपाल मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के अंतिम राज्यपाल रहे। उनके कार्यकाल के दौरान ही 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करके उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किया गया था। संयोग की बात है कि आज ही इस फैसले की छठी वर्षगांठ है और इसी दिन सत्यपाल मलिक ने अंतिम सांस ली। जम्मू-कश्मीर के दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित होने के बाद सत्यपाल मलिक को गोवा का 18वां राज्यपाल नियुक्त किया गया। उन्होंने अक्टूबर 2022 तक मेघालय के 21वें राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया।



## भाईयों की कलाई सजाने हेतु सुंदर राखियां लेने बाजारों में पहुंची बहनें

**मुजफ्फरनगर, 5 अगस्त (एजेंसी)।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक त्यौहार रक्षाबंधन 9 अगस्त को मनाया जायेगा। इससे पूर्व जहां एक ओर भाई बहनों के लिए अच्छे-अच्छे उपहार ढूंढ रहे हैं, वहीं बहनें भाईयों की कलाई पर चार चांद लगाने के लिए उनके लिए कहीं चांदी, कहीं रुद्राक्ष, कहीं भगवान शिव तो कहीं राधा-कृष्ण बनी हुई खूबसूरत राखियों की तलाश के लिए बाजारों में पहुंच रही हैं। इस समय भगत सिंह रोड, नई मण्डी, में राखियों का सुंदर बाजार सजा हुआ है, जहां 10 रुपये से लेकर 500-1000-1500 रुपये तक की राखियां मौजूद हैं। राखी बाजार के साथ-साथ कई बहने स्वर्णकारों से अपने भाईयों के लिए चांदी की राखियों, ब्रेसलेट आदि भी बनवा रही हैं। यूं तो आर्टिफिशियल नग जड़ी राखियां बाजारों में हर साल धूम मचाती हैं, क्योंकि अच्छी क्वालिटी के नग की राखियां पूरे एक वर्ष तक भाईयों की कलाई पर सजी रहती हैं। नन्हें बच्चों में आज भी कार्टून राखी के साथ-साथ जगमग करने वाली लाइट राखियों का क्रेज खत्म नहीं हुआ। उनके आगे अगर हीरे की भी राखी रख दो तो वो आज भी कार्टून, खिलौने आदि से सजी राखियां ही पसंद करते हैं। अगले तीन दिन बाजारों में राखी के अलावा रोली, चावल, गोला, मिठाई इन सबकी की जमकर खरीदारी की जाएगी।



### खेत में दवाई का, कर रहा था छिड़काव, अचानक गिरा और हो गई मौत

**मुजफ्फरनगर, 5 अगस्त (एजेंसी)।** हम अपना पिछली कई खबरों में जिक्र कर चुके हैं कि मौत कब कहां से आ जाए कोई पता नहीं। मंगलवार को चरथावल के गांव बुड्डा खेड़ा निवासी टिंकू पुत्र कुशल पाल की अकस्मिक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार टिंकू खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर रहा था। अचानक गिरकर बेहोश हो गया। बेहोश होते ही उसके परिजन उसे जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर में लाया गया, जहां डाक्टरों ने बताया कि टिंकू ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। परिजनों का कहना है कि शायद दवाई का इन्फैक्शन होने के कारण टिंकू की मौत हुई हो। मामले में पुलिस ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इस तरह से टिंकू की अचानक हुई मौत से पूरा गांव सदमे में है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मुजफ्फरनगर में कैसे काम करता है प्रशासन, श्रीलंकाई सिविल सर्वेन्ट्स ने विकास भवन में ली जानकारी





**मुजफ्फरनगर, 5 अगस्त (बु)।** मुजफ्फरनगर में कैसे काम करता है प्रशासन यह जानने के लिये श्रीलंकाई सिविल सर्वेन्ट्स का डैलिगेशन आज विकास भवन पहुंचा। इस अवसर पर श्रीलंकाई सिविल सर्वेन्ट्स ने जाना कि मुजफ्फरनगर का भौगोलिक मानचित्र क्या है और यहां प्रशासन और शासन किस तरह से काम करते हैं। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने विकास भवन में प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रीलंकाई दल का परिचय कराया, इसके बाद जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने जनपद की प्रशासनिक संरचना की जानकारी दी। उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ थे। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को अपराध नियंत्रण की जानकारी दी। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा और पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़ी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा द्वारा जनपद के बारे में एवं विकास भवन, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, तथा मुजफ्फरनगर के धार्मिक स्थल शुक्रताल के इतिहास के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। तथा पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने मुजफ्फरनगर पुलिस और प्रशासन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने आपसी समन्वय, योजनाओं की प्रभावशीलता और कानून व्यवस्था के संचालन को प्रभावशाली बताया। इसके अलावा प्रशिक्षण, अनुभवों के आदान-प्रदान और द्विपक्षीय सहयोग पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। दौरे के अंत में दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्मृति-चिह्नों का आदान-प्रदान किया। श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल ने भारत की प्रशासनिक दक्षता और पुलिसिंग व्यवस्था को प्रेरणादायक बताया। यह दौरा भारत-श्रीलंका के प्रशासनिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## मेरठ रोड पर अनोखा 'विकास': गड्ढे को छिपाने के लिए लगाया पौधा

**मुजफ्फरनगर, 05 अगस्त (बु.)।** मेरठ रोड पर विकास का एक अनोखा गुलदस्ता खिला दिखा, जिसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। सड़क के ठीक बीचों-बीच एक बड़ा और गहरा गड्ढा बन गया था, जिसे भरने या ठीक करने के बजाय एक नायाब तरीके से 'छिपाने' की कोशिश की गई है। तस्वीरों में आप साफ देख सकते हैं कि ये फोटो विकास, गड्ढा और लापरवाही की गहराई के साथ इसको छुपाने के लिए हरी भरी तरकीब को खुद ही बयान कर रहा है। साथ ही खतरे के बेहद नजदीक मासूम जिंदगी की आहट भी इसमें कैद हो गई, जिसमें छोटा बच्चा उधर से गुजरता हुआ दिखाई पड़ रहा है।

स्थानीय प्रशासन या संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने शायद इस खतरनाक गड्ढे को ढकने या मरम्मत करने की बजाय, उसके बीचों-बीच एक पौधा तोड़कर गड्ढे में डाल दिया, जो एक गुलदस्ते की तरह खिलखिलाता नजर आया। यह तरीका न केवल अजीब है, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। पौधा लगाने से यह गड्ढा दूर से दिखाई नहीं देता, खासकर रात के समय, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए यह दुर्घटना को कई गुना और बड़ा कर देता है। यह घटना दिखाती है कि कैसे जिम्मेदार विभाग अपनी ड्यूटी से बचते हैं और जनता की सुरक्षा को ताक पर रख देते हैं। गड्ढे को छिपाने की यह 'हरी-भरी' कोशिश वास्तव में लापरवाही का एक जीता-जागता उदाहरण है, जिसने विकास के दावों की पोल खोल दी है। स्थानीय लोग इस पर तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द इस गड्ढे की उचित मरम्मत की मांग कर रहे हैं। यह खबर मेरठ रोड पर स्थित विकास भवन के मुख्य गेट के बाहर बना हुआ है।






### 'विकसित' हो रही लापरवाही और जनता की सुरक्षा के प्रति अधिकारियों की उदासीनता

**मुजफ्फरनगर, 05 अगस्त (बु.)।** अक्सर दिखती हुई लापरवाही पर पर्दा तो अक्सर डालते हुए विभाग के अधिकारी या कर्मचारी दिखाई देते ही है लेकिन जनता की जान के साथ ये बड़ा खिलवाड़ वाकई विकास की राह में रोड़े पैदा करने वाला है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कब तक जागता है और इस गड्ढे को एक खतरनाक मजाक बनने से बचाता है।

## उ.प्र. पुलिस भर्ती परीक्षा में फरार चल नकल माफिया गैंग के इनामी को दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 5 अगस्त (बु.)।** वर्ष 2024 उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा में अभियर्थियों को कूटरचित फर्जी पेपर तैयार कर मुहैया कराए जाने के आरोप में शहर कोतवाली पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे नकल माफिया गैंग के दस हजार के इनामी को चरथावल मोड़ से गिरफ्तार किया है। उक्त प्रकरण में अभी तक पुलिस ने 11 आरोपियों को पहले से ही जेल भेज चुकी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का पूछताछ के बाद चालान कर दिया। मंगलवार को शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 2024 उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों को कुटरचित फर्जी पेपर तैयार कर मुहैया कराए गए थे। आरोपियों ने अभ्यर्थियों से लाखों रुपए भी हड़पे थे, जिसके बारे में शहर कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। शहर कोतवाली पुलिस अभी तक इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी सुमित कादियान, निवासी बजाना खुर्द, थाना गन्नौर, जिला सोनीपत, हरियाणा, हाल निवासी 36ए, द्वितीय फ्लोर, टीडीआई द्वितीय, स्पिनिया सैक्टर-19 सोनीपत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। इनामी को पुलिस ने चरथावल रोड से गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के बाद चालान कर दिया।

## बारिश के चलते मकान की छत गिरी, युवक की मौत

**मीरापुर, 05 अगस्त (बु.)।** रविवार की रात्रि से लगातार हो रही बारिश के चलते कस्बे की खतौली रोड भूड़ स्थित नई बस्ती में एक मकान की छत गिर गई, जिसके चलते घर के अन्दर सो रहा युवक छत के मलबे में दब गया तथा उसकी मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मीरापुर की खतौली रोड भूड़ नई बस्ती निवासी जीशान पुत्र भूरा(23 वर्ष) का सब्जी मंडी के पीछे एक पुराना कच्चा मकान है, जबकि उसका दूसरा पक्का मकान यहाँ से थोड़ी दूरी पर है। पक्के मकान में जीशान के परिजन रहते हैं, जबकि जीशान कच्चे मकान में ही रहता था। जीशान प्रतिदिन की भांति सोमवार की रात्रि अपने पुराने कच्चे मकान में सोया हुआ था। रविवार की रात्रि से लगातार हो रही बारिश के कारण जीशान के मकान की कच्ची छत गिर गयी तथा छत का सारा मलबा सोते हुए जीशान के ऊपर गिर गया तथा वह छत के मलबे में दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, किन्तु किसी पड़ोसी को भी इसकी जानकारी नहीं लगी। सवेरा होने पर जब जीशान अपने दूसरे घर नहीं पहुँचा, तो जीशान की माँ सन्नो उसके लिए चाय लेकर यहाँ आयी तो मकान की कुंडी लगी मिली, जिस पर सन्नो ने पड़ोसियों को बुलाया तो पड़ोसी ने छत से झांककर देखा, तो यहां मकान की छत नीचे गिरी मिली तथा जीशान मलबे के नीचे दबा दिखाई दिया, जिस पर उन्होंने शोर मचाया तो मौके पर अन्य लोग जमा हो गए तथा घर के गेट की कुंडी तोड़कर मलबे में दबे जीशान को बाहर निकाला, किन्तु तब तक मलबे में दबे जीशान की मौत हो चुकी थी। जीशान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।







### माँ की बात मान लेता तो शायद बच जाता जीशान

**मीरापुर, 05 अगस्त (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में रविवार की रात्रि से लगातार हो रही बारिश के चलते कई स्थानों पर लेंटर वाले मकान भी बारिश के पानी से टपकने लगे। जीशान का मकान कच्चा होने के कारण उसकी माँ ने बारिश के चलते उसे रात्रि में पक्के मकान में ही सोने के लिए कहा था, किन्तु प्रतिदिन चोरों के आने का शोर मचने के चलते जीशान अपने पुराने कच्चे मकान में ही सो रहा था। अगर जीशान परिजनों की बात मान लेता, तो शायद वह बच जाता।

## मास्टर विवाहिता और उसके बच्चों को लेकर फरार

**▶▶ पुलिस ने शुरू किए चारों की बरामदगी के प्रयास**

**बुढ़ाना, 5 अगस्त (बु.)।** शिक्षक अपने शिष्य की मां, भाई व बहन को भगा ले गया। इस घटना को सुनकर हर कोई सकते में है। आखिर इस दौर में किस व्यक्ति पर यकीन किया जाए यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने चारों की तलाश शुरू कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली के गांव हुसैनपुर कलां निवासी एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसके बच्चों को पढ़ाने वाला ही एक शिक्षक उसकी पत्नि और दो बच्चों को लेकर फरार हो गया। शिक्षक घर में रखे जेवर और नगदी भी लेकर फरार हो गया है। पीड़ित के अनुसार उक्त शिक्षक उसके बच्चों को काफी दिनों से उसके घर पर ही पढ़ाने आता था। आरोप है कि बीती 28 जुलाई को उक्त टीचर उसकी पत्नी, एक छह साल के बेटे और एक पांच साल की बच्ची को मौका पाकर उसकी गैर हाजिरी में बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घटना का पता उसे ही दिन देर रात में लगा, जब वह घर पर पहुंचा। उसने अपने बच्चों और पत्नि को काफी तलाश किया, लेकिन उसकी पत्नि और दोनों बच्चे नहीं मिले। उधर शिक्षक भी अपने घर से उसी दिन से गायब है। कुछ ग्रामीणों ने चारों को गांव से बाहर जाते हुए देखा है। आरोपी टीचर घर में रखे कीमती जेवरात और 10 हजार रुपये की नकदी भी अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अब सवाल यह है की परिजन किस पर भरोसा करें और किस पर नहीं। इस घटना की चर्चा पूरे गांव में बताई गयी है।

